प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.............................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज ओमान पंहुचेंगे–कल भारत और इथियोपिया के बीच आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जालौर दौरे का कार्यक्रम–आहोर में विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे।
- अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वे उर्स का आज से आगाज़।
- श्रीगंगानगर की गीताली गुप्ता ने क्लेट 2026 में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया।

.............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज ओमान पंहुच रहे है। उनकी यह यात्रा ओमान के सुल्तान हैतम बिन तारिक के निमंत्रण पर हो रही है। श्री मोदी के साथ एक उच्चस्तरीय शिष्टमण्डल भी ओमान पहुंच रहा है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना है। ओमान में भारत के राजदूत जी.वी. श्रीनिवास ने आकाशवाणी को बताया कि कुछ अन्य समझौतों पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कल इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ वार्ता की। दोनों देशों के बीच आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। श्री मोदी ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि दोनो देशों के बीच सामरिक भागीदारी का विस्तार किया जायेगा।

.............................

इथियोपिया ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान **द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया** से सम्मानित किया है।

.............................

लोकसभा ने पुराने कानूनों को रद्द करने वाले **निरसन और संशोधन विधेयक** को पारित कर दिया है। ये विधेयक 71 अधिनियमों को रद्द करता है और चार अधिनियमों में संशोधन भी करता है। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 2014 से सरकार सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर काम कर रही है।

.............................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति भवन में हुए इस भेंट में दोनो ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से राजस्थान के विकास से जुडे मुद्दों पर भी संवाद किया।

.............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जालौर दौरे का कार्यक्रम है। वे आहोर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान श्री शर्मा विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे फॉलोअप कैम्प का निरीक्षण कर आमलोगों से संवाद भी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की भी जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रदेशभर में जारी है। प्रचार रथ, विकास प्रदर्शनियों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी नीतियां आम लोगों तक पंहुचायी जा रही है। इसके अलावा जिला प्रभारी मंत्री प्रेस ब्रिफिंग कर उपलब्धियों का जिक्र कर रहे है।

.............................

हनुमानगढ जिले के टिब्बी में राठीखेडा गांव में एथेनॉल फेक्ट्री मामले में सरकार ने उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। बीकानेर के संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में ये पांच सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो फैक्ट्री से हुए पर्यावरणीय प्रभावों की जांच करेगी। इस बीच एथेनॉल फैक्ट्री को स्थायी रूप से बंद करने की मांग को लेकर किसानों का विरोध जारी है।

किसानों की ओर से आंदोलन की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से एहतियातन हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने जिले में निषेधाज्ञा भी लागू कर दी है।

..............................

सूफी संत ख्वाजा मोहनुद्दीन हसन चिश्ती का 814वें उर्स का आगाज आज होगा। अजमेर दरगाह परिसर में झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ इसकी अनौपचारिक शुरूआत होगी। उर्स में शिरकत करने के लिए दुनियाभर से अकीदतमंदों के पंहुचने का सिलसिला शुरू हो गया है। अजमेर से हमारी संवाददाता ने बताया कि उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है।

......

..............................

श्रीगंगानगर की गीताली गुप्ता ने क्लेट 2026 में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। गीताली की इस उपलब्धि ने परिवार के साथ ही पूरे प्रदेश का मान बढाया है। देश के 26 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट का परीक्षा परिणाम कल देर शाम जारी किया गया। दिल्ली के पर्व दूसरे और बंगलूरू के रोहन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। ये परीक्षा 7 दिसम्बर को आयोजित की गई थी। इसमें 70 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

..............................

प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज एसआईआर को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने बताया कि कार्यशाला में एसआईआर अभियान को अधिक सशक्त, बनाने और जनसरोकारों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। इसमें एसआईआर अभियान की आगामी रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

..............................

पाली में आज डाक अदालत आयोजित की जायेगी। डाकघर कार्यालय में लगने वाली इस अदालत के माध्यम से उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर शिकायते सुनी जायेगी। डाकघर अधीक्षक रमेश चन्द्र मीणा ने बताया कि उपभोक्ताओं से पार्सल, विदेशी डाक, जीवन बीमा और बचत बैंक सहित अन्य डाक सेवाओं से संबंधित समस्यायें सुनी जायेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से डाक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

..............................

प्रदेश में कई स्थानों पर घने कोहरे का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने जैसलमेर, बीकानेर गंगानगर और आसपास के क्षेत्रों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 19 दिसम्बर से नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने के आसार है और तापमान में 1 से 3 डिग्री तक के उछाल की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का असर 22 दिसम्बर तक बना रहने का अनुमान है।

..............................

इस बीच आज बारां में घना कोहरा छाया हुआ है और दृश्यता काफी कम है। कोहरे के कारण यातायात धीमा बना हुआ है। बीते 24 घंटों में 23 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

..............................

वैश्विक पारम्परिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। 19 दिसम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलन में स्वास्थ्य और कल्याण पर वैश्विक संवाद किया जायेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय की ओर से हो रहे इस सम्मेलन में संतुलित समावेशी और सतत स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढाने पर चर्चा होगी। इसमें देश–विदेश के नीति निर्माता, वैज्ञानिक, चिकित्सक भाग लेंगे। ये शिखर सम्मेलन पारंम्परिक चिकित्सा की प्रासंगिकता को आगे बढाने के साथ–साथ इसकी उत्तरदायित्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करेगा। इस समिट का मुख्य आकर्षण आयुष एक्सपो भी रहेगा। इसमें आयुर्वेद, योग, युनानी और होम्योपैथी से जुडे उत्पादों को प्रदर्शित किया जायेगा। इसके साथ ही एक्सपो में विभिन्न देशों की परम्परागत उपचार पद्धतियों को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

............................

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, बुनियादी रेल ढांचे को मजबूत करने, बेहतर सफाई और रेल प्रचालन के लिए कई कदम उठाए हैं। इसी के तहत 2019 में वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की गई थी जिसकी संख्या बढ़कर 164 हो गई है। मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत बनी इन रेलगाड़ियों में स्वचालित दरवाजे, घूमने वाली सीटें, बायो–वैक्यूम शौचालय, जी.पी.एस. आधारित यात्री सूचना प्रणाली और सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हैं। इसी प्रकार, वर्तमान में 26 सौ से अधिक रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा से चालित हैं। इससे वर्ष 2030 तक रेलवे को कार्बन उत्सर्जन रहित बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

............................